कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः–र–9(149)पु.फो./कानि.भर्ती–19/2021/ 2522 दिनांकः–10.12.2021

विज्ञप्ति

कानिस्टेबल भर्ती–2019 की दिनांक 06, 07 व 08.11.2020 को आयोजित लिखित परीक्षा के प्रश्नों पर अभ्यर्थियों द्वारा की गई आपत्ति के सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय जयपुर में दायर 10 एसबी सिविल रिट याचिकाओं में पारित आदेश दिनांक 12.11.2021 की पालना में आपत्ति किये गये प्रश्नों के उत्तर का पुनः परीक्षण हेतु विषय विशेषज्ञों की कमेटी का गठन किया गया। विषय विशेषज्ञों की कमेटी द्वारा पुनः परीक्षण उपरान्त निम्नलिखित 3 प्रश्नों के उत्तर में परिवर्तन माना है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

क्र. सं.	परीक्षा की दिनांक एवं पारी	आपत्ति किये गये प्रश्न का विवरण	पूर्व में माना गया सही उत्तर	विशेषज्ञों की राय अनुसार परिवर्तित उत्तर
1	परीक्षा दिनांक 07.11.2020 पेपर पारी–2	निम्नलिखित में से किस राजा के राज्य में जूनागढ़ किले का निर्माण कराया गया था? ए–कामरान मिर्जा बी–राजाराय सिंह सी–राव बीका डी–बाबर	सी–राव बीका	बी–राजाराय सिंह
2	परीक्षा दिनांक 07.11.2020 पेपर पारी–2	राजस्थान भौगोलिक संघ का गठन निम्नलिखित में से किस वर्ष में किया गया था? ए– 1956 बी–1965 सी–1971 डी–1967	बी–1965	ए–1956
3	परीक्षा दिनांक 08.11.2020 पेपर पारी–2	कन्या भ्रूण हत्या ओर गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित "पूर्व गर्भाधान ओर प्रसव पूर्व निदान तकनीक (PCPNDT) अधिनियम" किस वर्ष लागू किया गया? ए–1994 में, बी–1995 में, सी–1996 में, डी–1997 में	ए–1994 में	सी–1996 में

उक्त 3 प्रश्नों के सम्मुख विशेषज्ञों की राय अनुसार परिवर्तित उत्तर पर कोई आपत्ति है, तो दिनांक 11.12.2021 रात्रि 00:00:01 बजे से दिनांक 18.12.2021 को रात्रि 23:59 बजे तक संबंधित दस्तावेज के साथ विभाग की बैवसाईट (www.police.rajasthan.gov.in) पर उपलब्ध ऑब्जेक्शन लिंक पर आपत्ति कर सकता है। अभ्यर्थी की स्वंय के प्रश्न पत्र के सम्बन्ध में की गई आपत्ति ही स्वीकार की जायेगी तथा किसी अन्य माध्यम से आपत्तियों को स्वीकार नही किया जाएगा।

10/12/21

(ममता गुप्ता)
पुलिस अधीक्षक,
भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड,
राजस्थान, जयपुर।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त निदेशक, (प्रचार), सीआईडी, सीबी, राजस्थान जयपुर।
2. प्रभारी राजस्थान पुलिस बैवसाईट, एससीआरबी, जयपुर को निर्देशित किया जाता है कि इस विज्ञप्ति को तत्काल राजस्थान पुलिस की बैवसाईट पर अपलोड करावें।

पुलिस अधीक्षक,
भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड,
राजस्थान, जयपुर।